भारत सरकार
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय
पशुपालन और डेयरी विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या- 2160
दिनांक 14 मार्च, 2023 के लिए प्रश्न

दुग्ध महासंघ और संघ

2160. श्री मोहनभाई कुंडारिया:

क्या **मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या देश में कई सहकारी दुग्ध महासंघ और संघ निष्क्रिय पड़े हुए हैं;
(ख) यदि हां, तो देश में उनकी क्षमता के साथ-साथ तत्संबंधी राज्य और जिला-वार ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार के पास निष्क्रिय दुग्ध महासंघों और संघों के पुनरुद्धार के लिए कोई कार्य योजना है;
(घ) यदि हां, तो उनके पुनरुद्धार में कितना समय लगने की संभावना है; और
(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री
(श्री परशोत्तम रूपाला)

(क) और (ख) राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड से प्राप्त सूचना के अनुसार देश में कुल 281 दुग्ध संघ/विपणन या मेट्रो डेयरियां/राज्य परिसंघ या शीर्ष निकाय हैं, जिनमें से 20 दुग्ध परिसंघ/संघ वर्तमान में निष्क्रय/गैर -कार्यात्मक हैं। विवरण **अनुबंध** में है।

(ग) और (घ) पशुपालन और डेयरी विभाग, भारत सरकार सहकारी दुग्ध परिसंघों और संघों सहित सहकारी डेयरी क्षेत्र के विकास को ध्यान में रखते हुए निम्न योजनाएं कार्यान्वित कर रहा है। डीएएचडी की ये योजनाएं/परियोजनाएं डेयरी सहकारी समितियों की कार्यशील पूंजी के साथ सहायता करने, दुग्ध प्रशीतन और प्रसंस्करण क्षमताओं आदि के सुदृढ़ीकरण के प्रति उन्मुख हैं।

(i) राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम (एनपीडीडी):

डेयरी सहकारी समितियों, दुग्ध उत्पादक कंपनियों द्वारा गुणवत्तापूर्ण दूध के उत्पादन, दूध और दुग्ध उत्पादों की, खरीद, प्रसंस्करण और विपणन के लिए अवसंरचना के निर्माण /सुदृढ़ीकरण और देशभर में डेयरी सहकारी समितियों के पुनरुद्धार के उद्देश्य से एनपीडीडी

योजना फरवरी, 2014 से पूरे देश में लागू की जा रही है। योजना को वर्ष 2021-22 से वर्ष 2025-26 के दौरान कार्यान्वयन के लिए जुलाई, 2021 में पुर्नगठित/पुर्नसंरेखित किया गया है।

एनपीडीडी योजना (सहकारिता के माध्यम से डेयरी) के घटक ख के तहत, “दुग्ध खरीद अवसंरचना का सुदृढ़ीकरण” घटक के तहत डेयरी सहकारी समितियों के संगठन/पुनरोद्धार के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने का प्रावधान किया गया है।

(ii) डेयरी प्रसंस्करण और अवसंरचना विकास निधि (डीआईडीएफ):

डीआईडीएफ को दिसम्बर, 2017 में राज्य सहकारी और कंपनी अधिनियम के तहत पंजीकृत डेयरी सहकारी समितियों, बहु-राज्यीय डेयरी सहकारिताओं, दुग्ध उत्पादक कंपिनयों (एमपीसी), राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) की सहायक कंपनियों, स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी), और किसान उत्पादक संगठनों के लिए दुग्ध प्रसंस्करण, मूल्य वंर्द्धन और प्रशीतन सुविधाओं के सृजन/सुदृढ़ीकरण के उद्देश्य से प्रारंभ किया गया था।

(iii) डेयरी कार्यकलापों में लगीं डेयरी सहकारी समितियों और किसान उत्पादक संगठनों (एसडीसीएफपीओ) की सहायता :

एसडीसीएफपीओ को वर्ष 2021-22 से वर्ष 2025-26 तक एकछत्र योजना “अवसंरचना विकास निधि” के एक भाग के रूप में लागू किया गया है। योजना को राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) के माध्यम से डेयरी कार्यकलापों में लगीं सहकारी समितियों और किसान उत्पादक संगठनों को सुलभ कार्यशील पूंजी प्रदान करके सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से लागू किया जा रहा है। डेयरी क्षेत्र पर कोविड-19 के आर्थिक प्रभाव के कारण एक नया घटक “डेयरी क्षेत्र के लिए कार्यशील पूंजीगत ऋण पर ब्याज सबवेंशन” घटक को शुरू किया गया था।

(ड.) उपरोक्त के आलोक में प्रश्न ही नहीं उठता।

*****

अनुबंध

देश में निष्क्रिय सहकारी दुग्ध परिसंघों और संघों का क्षमता सहित राज्यवार और जिलावार विवरण

क्र.स.	राज्य	जिला	निष्क्रिय दुग्ध परिसघ/ दुग्ध सघ का नाम	डेयरी सयत्र की क्षमता (टीएलपीडी)
1	अरुणाचल प्रदेश	ईटानगर	अरुणाचल प्रदेश सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ लिमिटेड	5
2	महाराष्ट्र	अहमदनगर	जामखेड तालुका सहकारी दुध व्यवसाय प्रक्रिया संघ मर्यादित	10
3	महाराष्ट्र	जलना	जालना जिला सहकारी दूध उत्पादक संघ मर्यादित	10
4	महाराष्ट्र	उस्मानाबाद	भूम तालुका सहकारी दुध उत्पादक व पूर्वथा संघ मर्यादित	50
5	महाराष्ट्र	उस्मानाबाद	वसंतदादा तालुका सहकारी दूध उत्पदक व पूर्वाथा संघ मर्यादित	20
6	महाराष्ट्र	परभनी	कृष्णै दुध उत्पादक व पूर्वथा सहकारी जिल्हा संघ मर्यादित	0
7	महाराष्ट्र	सतारा	अजिंक्य सहकारी दूध पूर्वाथा संघ लिमिटेड	उपलब्ध नही
8	महाराष्ट्र	सतारा	कोरेगांव तालुका सहकारी दूध उत्पादक संघ मर्यादित	20
9	महाराष्ट्र	रायगढ़	पनवेल तालुका दूध उत्पादक सहकारी संघ मर्यादित	0
10	महाराष्ट्र	रत्नागिरि	रत्नागिरी जिला भूमिपुत्र सहकारी दूध संघ मर्यादित	10
11	मिजोरम	कोलासिब	कोलासिब दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड	5
12	मिजोरम	चम्पई	चंपई दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड	5
13	ओडिशा	सुंदरगढ़	सुंदरगढ़ जिला सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ लिमिटेड	उपलब्ध नहीं
14	त्रिपुरा	उत्तर त्रिपुरा	उत्तरायण सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ लिमिटेड	4
15	पश्चिम बंगाल	दार्जिलिंग	हिमालयन सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ लिमिटेड	100
16	पश्चिम बंगाल	जलपाईगुड़ी	जलपाईगुड़ी सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ लिमिटेड	उपलब्ध नही
17	पश्चिम बंगाल	कूचबिहार	कूचबिहार सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ लिमिटेड	उपलब्ध नही
18	पश्चिम बंगाल	मालदा	गौर सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ लिमिटेड	उपलब्ध नही
19	पश्चिम बंगाल	उत्तर दिनाजपुर	कुलिक सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ लिमिटेड	4
20	पश्चिम बंगाल	पूर्व मेदिनीपुर	ताम्रलिप्ता सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ लिमिटेड	उपलब्ध नही
स्रोतः दुग्ध सघो/सघो से यथा प्राप्त सूचना				